# राष्ट्रपति के दौरे से पहले ओंकारेश्वर में बड़ा प्रशासनिक एक्शन

▶ स्काई ब्रिज और ब्रह्मपुरी से हटाईं 25 अवैध दुकानें



नवभारत न्यूज़

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में देश के राष्ट्रपति के संभावित दौरे को लेकर प्रशासनिक अमला पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। वीवीआईपी आगमन की तैयारियों के मद्देनजर नगर परिषद की टीम ने स्काई ब्रिज और ब्रह्मपुरी में एक बड़ा अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया।

कार्रवाई के दौरान स्काई ब्रिज और उसके आसपास के प्रमुख रास्तों को पूरी तरह साफ कराया गया, जिसके तहत लगभग पच्चीस अस्थायी दुकानों और अवैध ढांचों को मौके से हटा दिया गया। कार्रवाई के दौरान नगर परिषद के अमले ने स्काई ब्रिज पर अवैध रूप से कुर्सी और टेबल लगाकर व्यापार कर रहे दुकानदारों के खिलाफ बेहद कड़ा रुख अपनाया। नियमों का उल्लंघन कर सार्वजनिक रास्ते को बाधित करने वाले कई दुकानदारों का सामान और कुर्सी-टेबल मौके पर ही ज़ब्त कर लिए गए। इसके साथ ही प्रशासन ने अवैध रूप से कब्जा करने वाले अतिक्रमणकारियों पर सख्ती दिखाते हुए मौके पर ही लगभग दस हजार रुपए का जुर्माना भी वसूला, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही दोबारा न की जा सके इस अभियान को लेकर नगर परिषद के अधिकारी नीरज रावत ने आगामी रणनीति साझा करते हुए बताया कि शहर को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त बनाने और व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के लिए यह कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। प्रशासन ने अब इसके लिए एक नया समय तय किया है, जिसके अनुसार प्रतिदिन शाम पांच बजे से लेकर देर शाम तक अतिक्रमण हटाने की विशेष कार्रवाई की जाएगी।

राष्ट्रपति के संभावित दौरे को देखते हुए प्रशासन नगर की छवि और व्यवस्थाओं में किसी भी प्रकार की कमी या कोताही नहीं चाहता है। यही कारण है कि ओंकारेश्वर के सभी प्रमुख और संवेदनशील क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था, सौंदर्यीकरण और अवैध कब्जे हटाने जैसे कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है ताकि यहां आने वाले विशिष्ट अतिथियों और आम श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

मामले पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी मोनिका पारधी ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि यह कोई अचानक की गई विशेष कार्रवाई नहीं है, बल्कि नगर परिषद की नियमित प्रक्रिया का ही एक हिस्सा है। इसके द्वारा लोगों को सुविधा देने की कोशिश की जा रही है।

# किल्लौद जनपद ऑफिस में जनसुनवाई का नहीं सुधरा ढर्रा, खाली कुर्सियां देख मायूस लौटे...

नवभारत न्यूज़

**किल्लौद।** जनपद पंचायत किल्लौद में मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई एक बार फिर सवालों के घेरे में रही। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद अधिकांश जिम्मेदार अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण दूर-दराज की पंचायतों से पहुंचे ग्रामीणों को निराश होकर लौटना पड़ा।



20 से 22 पंचायतों के लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे थे, लेकिन जनसुनवाई कक्ष में अधिकारी और विभागीय कर्मचारी नदारद मिले। हरिपुरा निवासी आंचल सिंह राजपूत ने बताया कि वह सुबह 10 बजे से जनपद कार्यालय में मौजूद थे, लेकिन लंबे इंतजार के बावजूद कोई अधिकारी नहीं पहुंचा। उनकी समस्या की सुनवाई नहीं होने पर उन्हें वापस लौटना पड़ा। ऐसे कई अन्य ग्रामीण भी बिना निराकरण के घर लौट गए। गौरतलब है कि इससे पहले 27 मई को नवभारत समाचार में जनसुनवाई बनी मजाक शीर्षक से खबर प्रकाशित की गई थी। तब उम्मीद जताई गई थी कि व्यवस्था में सुधार होगा, लेकिन मंगलवार को भी हालात पहले जैसे ही नजर आए। शासन के निर्देशानुसार मंगलवार सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक होने वाली जनसुनवाई में एसडीएम, जनपद पंचायत सीईओ, तहसीलदार सहित सभी अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। इनकी शिकायतों का मौके पर निराकरण किया जाना चाहिए, लेकिन किल्लौद में यह व्यवस्था कागजों तक ही है।

## एक नजर में

### 12 से 14 जून तक जिलेभर में लगेंगे जनकल्याण शिविर

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** जिले के सभी विकासखंड मुख्यालयों और नगरीय निकायों में 12 से 14 जून तक तीन दिवसीय जनकल्याण शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं से वंचित पात्र हितग्राहियों का पंजीयन किया जाएगा। कलेक्टर ऋषव गुप्ता ने बताया कि मैदानी अमले के सहयोग से छूटे हुए पात्र लाभार्थियों को शिविरों तक लाकर योजनाओं का लाभ दिलाने का प्रयास किया जाएगा। शिविरों में आयुष्मान भारत, आयुष्मान वय वंदना, पीएम सूर्य घर, पीएम स्वनिधि, लखपति दीदी, वीबी-जी-रामजी सहित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं के लिए पंजीयन किया जाएगा।जनपद पंचायत खंडवा, पंधाना, पुनासा, छनेरा, खालवा, छैगांवमाखन और बलड़ी के कार्यालय परिसरों में शिविर आयोजित होंगे। संबंधित एसडीएम को नोडल अधिकारी तथा तहसीलदार और जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी बनाया गया है।मूंदी और ओंकारेश्वर नगर परिषद कार्यालय परिसरों में भी शिविर लगाए जाएंगे, जहां संबंधित सीएमओ नोडल अधिकारी रहेंगे। वहीं खंडवा नगर निगम कार्यालय परिसर में आयोजित शिविर के लिए निगम आयुक्त प्रियंका राजावत को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

### समान नागरिक संहिता समिति सदस्य 11 जून को खंडवा में

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** समान नागरिक संहिता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य प्रो गोपाल शर्मा और डॉ शोभा पैठणकर 11 जून को खंडवा पहुंचेंगे।निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार दोनों सदस्य दोपहर में बुरहानपुर से रवाना होकर खंडवा पहुंचेंगे। इसके बाद शाम 4 बजे से समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, बार काउंसिल के सदस्यों, महिला एवं बाल अधिकार संरक्षण से जुड़े गणमान्य नागरिकों, शांति समिति के सदस्यों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रहेगी। बैठक में समान नागरिक संहिता से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### वैष्णो देवी यात्रा के लिए आवेदन 19 जून तक

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना के अंतर्गत खंडवा जिले से वैष्णो देवी तीर्थ के लिए 3 से 8 जुलाई तक विशेष रेल द्वारा यात्रा कराई जाएगी। इस यात्रा में जिले के 196 वृद्धजन शामिल होंगे। इच्छुक नागरिक 11 से 19 जून तक निर्धारित प्रारूप में आवेदन भरकर निकटतम नगरीय निकाय या जनपद पंचायत कार्यालय में जमा कर सकते हैं। योजना के लिए आवेदक का मध्यप्रदेश का निवासी, 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का तथा आयकरदाता नहीं होना आवश्यक है। महिलाओं को आयु सीमा में दो वर्ष की छूट दी गई है। पूर्व में इस योजना के तहत किसी तीर्थ स्थान की यात्रा कर चुके व्यक्ति पात्र नहीं होंगे। आवेदन के साथ समग्र आईडी, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र की प्रति और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य है। शासकीय चिकित्सालय से स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। अंतिम तिथि 19 जून निर्धारित की गई है।

# क्या हम आपके क्षेत्र के किसान नहीं : सुभाष पटेल

▶ फसलों के कम दामों को लेकर किसान नेता का फूटा गुस्सा, सांसद पर लगाया भेदभाव का आरोप



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** क्षेत्र में अरबी के वर्तमान भावों और किसानों की बदहाली को लेकर किसान संगठन के सक्रिय सदस्य और किसान नेता सुभाष पटेल का दर्द छलक पड़ा है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी कर सीधे तौर पर क्षेत्रीय सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल पर खंडवा जिले के किसानों के साथ सौतेला व्यवहार और भेदभाव करने का गंभीर आरोप लगाया है।

बंपर आवक के बावजूद कम दाम मिलने से नाराज सुभाष पटेल ने सांसद की कार्यप्रणाली पर असंतोष व्यक्त किया। सुभाष पटेल का कहा है कि खंडवा लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत खंडवा, बुरहानपुर और खरगोन जिले के क्षेत्र शामिल हैं, परंतु सांसद मुख्य रूप से बुरहानपुर के किसानों की समस्याओं पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि बुरहानपुर के किसानों से उनका कोई विरोध नहीं है, क्योंकि वे भी किसान भाई हैं और उनका नुकसान भी सबका नुकसान है, लेकिन खंडवा जिले के किसानों की समस्याओं को भी समान रूप से सुना जाना चाहिए।

क्षेत्र में फसलों के नुकसान और वर्तमान दुर्दशा का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों से मौसम की खराबी के कारण प्याज की फसल पूरी तरह प्रभावित हो रही है। इसके अतिरिक्त, क्षेत्र में सोयाबीन की फसल भी इस कदर नष्ट हुई कि प्रति एकड़ आधा क्विंटल उपज भी प्राप्त नहीं हुई, जिसका बीमा होने के बाद भी किसानों को कोई मुआवजा राशि नसीब नहीं हुई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी के दौरान किसानों को कई दिनों तक लंबी लाइनों में खड़ा रहना पड़ा और फिर भी उनका गेहूं नहीं तोला गया।

अरबी की खेती में अत्यधिक लागत आने की बात कहते हुए किसान नेता ने वर्तमान भावों पर गहरा दुख जताया। उन्होंने बताया कि आर्थिक संकट और उचित दाम न मिलने के कारण हालत यह हो गई है कि एक किसान को अपने डेढ़ एकड़ खेत की अरबी की फसल (लगभग 300 कट्टे) को मजबूरी में मात्र ?5,000 के एकमुश्त औने-पौने दाम में सौंपना पड़ा है।

उन्होंने सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल को याद दिलाया कि इस क्षेत्र के मतदाताओं ने उन्हें भारी बहुमत से जिताकर संसद भेजा है, इसलिए खंडवा के किसान भी उनसे न्याय की अपेक्षा रखते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के किसानों में इस प्रशासनिक और राजनीतिक बेरुखी को लेकर गहरा आक्रोश व्याप्त है और पूरा क्षेत्र इस सौतेले व्यवहार को करीब से देख रहा है।

# युवाओं को अनाज भंडारण के बारे में दी ट्रेनिंग



**खंडवा।** एक्सपेरिमेंट लर्निंग प्रोग्राम के तहत युवा प्रशिक्षुओं का खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं गेहूं उपार्जन व भंडारण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। यह प्रशिक्षण सेंट्रल वेयरहाउस खंडवा कार्यालय के परिसर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आए युवाओं को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी दानिश खान ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में बताया।

वेयरहाउस कारपोरेशन की प्रबंधक समीक्षा ने वेयर हाउस के स्टॉक के वैज्ञानिक तरीके से भंडारण एवं रखरखाव की बारीकियां सिखाई गई। एक्सपेरिमेंट लर्निंग प्रोग्राम के तहत युवा प्रशिक्षुओं का खाद्य विभाग द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली एवं गेहूं उपार्जन व भंडारण के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

यह प्रशिक्षण सेंट्रल वेयरहाउस खंडवा कार्यालय के परिसर में आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में आए युवाओं को कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री दानिश खान ने सार्वजनिक वितरण प्रणाली के बारे में बताया तथा वेयरहाउस कारपोरेशन की प्रबंधक सुश्री समीक्षा ने वेयर हाउस के स्टॉक के वैज्ञानिक तरीके से भंडारण एवं रखरखाव की बारीकियां सिखाई गई।

# एसपी अगम जैन ने सुनीं 23 शिकायतें, त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार आम जनता की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निराकरण के लिए प्रत्येक मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया।



मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के माध्यम से आमजन की समस्याओं को बेहद संवेदनशीलता के साथ सुना और उनके जल्द से जल्द निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश जारी किए। आज आयोजित हुई इस जनसुनवाई में कुल 23 आवेदकों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर आवेदन प्रस्तुत किए। इन आवेदनों में मुख्य रूप से पारिवारिक विवाद, जमीनी एवं संपत्ति संबंधी विवाद, आपसी रंजिश और अन्य नागरिक शिकायतें शामिल रहीं।

पुलिस अधीक्षक जैन ने एक-एक कर सभी आवेदकों की समस्याओं और उनकी व्यथा को विस्तार से सुना। उन्होंने मौके पर ही संबंधित थाना प्रभारियों और राजपत्रित अधिकारियों को फोन कर मामलों में तत्काल न्यायसंगत और वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई के दौरान कुछ मामले अन्य शासकीय विभागों से भी संबंधित पाए गए। ऐसे मामलों पर त्वरित एक्शन लेते हुए एसपी जैन ने थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि वे संबंधित विभागों के अधिकारियों से तत्काल समन्वय स्थापित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि अन्य विभागों से जुड़े मामलों में भी पीड़ितों को हरसंभव मदद पहुंचाई जाए और उचित वैधानिक प्रक्रिया अपनाते हुए शिकायतों का स्थाई निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# लायन्स क्लब खंडवा के नए पदाधिकारी निर्विरोध निर्वाचित



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** लायन्स क्लब खंडवा के 63वें वर्ष के लिए पदाधिकारियों का चयन लायन्स भवन में आयोजित साधारण सभा में किया गया। नॉमिनेशन कमेटी के चेयरपर्सन गुरमीत सिंह उबेजा ने समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसके बाद सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। वर्ष 2026-27 के लिए घनश्याम वाधवा को अध्यक्ष, हेमलता पालीवाल को सचिव, पवन लाड़ को कोषाध्यक्ष तथा अशोक नवानी को प्रथम उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। नई कार्यकारिणी का कार्यकाल 1 जुलाई से प्रारंभ होकर अगले वर्ष 30 जून तक रहेगा। चुनाव प्रक्रिया क्लब की अध्यक्ष आशा उपाध्याय, सचिव ओमप्रकाश अग्रवाल और कोषाध्यक्ष पवन लाड़ के नेतृत्व में संपन्न हुई। नारायण बाहेती ने चुनाव संबंधी जानकारी दी। इस अवसर पर रीजन चेयरपर्सन राजीव मालवीय, जोन चेयरपर्सन अणिमा उबेजा, राजीव शर्मा, अखिलेश गुप्ता, गांधी प्रसाद गदले, बी.पी. तिरोले, अरुण भट्ट, हीरालाल जोशी, मुकेश मैथिल सहित बड़ी संख्या में क्लब सदस्य उपस्थित रहे। सभा में नई टीम को शुभकामनाएं दी गईं।

# एक हजार से अधिक गर्भवती महिलाओं की जांच



नवभारत न्यूज़

**खंडवा।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर मंगलवार को जिले की चिन्हित स्वास्थ्य संस्थाओं में हाईरिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष प्रसव पूर्व जांच शिविर आयोजित किया गया।

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञों द्वारा 1015 से अधिक गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी जुगतावत ने बताया कि जिला चिकित्सालय, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विशेष सत्र आयोजित कर गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। इस दौरान गुणवत्तापूर्ण एएनसी एवं पीएनसी जांच के साथ नई एवं छूटी हुई गर्भवती महिलाओं का पंजीयन कर एमसीपी कार्ड भी वितरित किए गए।

शिविर में वजन, ऊंचाई, रक्तचाप, हीमोग्लोबिन, ब्लड ग्रुप, शुगर, मलेरिया, एचआईवी, हेपेटाइटिस-बी सहित विभिन्न आवश्यक जांचें की गईं। सीएमएचओ डॉ. जुगतावत सहित स्वास्थ्य अधिकारियों ने विभिन्न अस्पतालों में आयोजित शिविरों का निरीक्षण भी किया।

बेहतर शिक्षा ▶ 9 हजार से अधिक छात्र कर रहे अध्ययन

# प्राइवेट स्कूलों को टक्कर दे रहे सांदीपनि विद्यालय

नवभारत न्यूज़

**खंडवा। जिले में संचालित सांदीपनि विद्यालय विद्यार्थियों के लिए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का केंद्र बनते जा रहे हैं। शिक्षा विभाग के तहत 7 और जनजातीय कार्य विभाग के तहत 1 सहित कुल 8 सांदीपनि विद्यालयों में 9 हजार से अधिक विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। इन विद्यालयों में शिक्षा के साथ खेलकूद और अन्य गतिविधियों की सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों के आवागमन के लिए बसों की व्यवस्था भी की गई है।**



जिले में बलड़ी, छैगांवमाखन, हरसूद, जावर, पंधाना, मूंदी, आनंद नगर खंडवा तथा खालवा विकासखंड के खारकलां में सांदीपनि विद्यालय संचालित हैं। इनमें सबसे अधिक 1777 विद्यार्थी मूंदी, 1753 हरसूद और 1664 विद्यार्थी छैगांवमाखन के विद्यालय में अध्ययनरत हैं। हाल ही में छनेरा, कारपुर, बोरगांव बुजुर्ग, रूस्तमपुर, पुनासा और ओंकारेश्वर में छह नए सांदीपनि विद्यालयों को भी स्वीकृति मिली है।हरसूद, पंधाना और मूंदी के नए विद्यालय भवन बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि बलड़ी, छैगांवमाखन, जावर और आनंद नगर के भवनों का निर्माण अंतिम चरण में है। जनजातीय कार्य विभाग के खारकलां विद्यालय का भवन भी पूर्ण हो चुका है। जिला शिक्षा अधिकारी पी.एस. सोलंकी के अनुसार आगामी शिक्षा सत्र में सभी सांदीपनि विद्यालय नए भवनों में संचालित होने लगेंगे।वर्ष 2025-26 के बोर्ड परीक्षा परिणाम भी बेहतर रहे हैं। आनंद नगर और खारकलां के सांदीपनि विद्यालयों का कक्षा 10वीं का परिणाम शत-प्रतिशत रहा।

वहीं छैगांवमाखन का हाई स्कूल परिणाम 98.29 प्रतिशत, हरसूद का 95.45 प्रतिशत और बलड़ी का 95.4 प्रतिशत दर्ज किया गया। कक्षा 12वीं में भी अधिकांश विद्यालयों का परिणाम 80 प्रतिशत से अधिक रहा। खारकलां में हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 97.20 प्रतिशत और हरसूद में 96.65 प्रतिशत रहा। जिले में संचालित सांदीपनि विद्यालयों में आधुनिक सुविधाओं और बेहतर शैक्षणिक वातावरण के कारण विद्यार्थियों की संख्या लगातार बढ़ रही है।